राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, गोरखपुर

<u>संविदा आधारित पदों हेतु अभ्यर्थियों के लिए दिशा-निर्देश</u>

1. पदों हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू दिनांक **26-05-2026** को आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि पर प्रातः **10:00 बजे से दोपहर** 01:00 बजे तक वॉक-इन-इंटरव्यू में उपस्थित हो सकते हैं।
2. विज्ञापित पद पूर्णतः **संविदा (Contract) आधारित** हैं, जिसका प्रारम्भिक अवधि एक वर्ष की होगी। प्रदर्शन एवं आवश्यकता के आधार पर इसे आगे बढ़ाया जा सकता है ।
3. किसी भी कारणवश दोपहर **01:00 बजे के बाद** रिपोर्ट करने वाले अभ्यर्थियों को इंटरव्यू में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
4. आवेदन पत्र में अभ्यर्थी का नाम वही होना चाहिए जो कक्षा 10 वीं के प्रमाणपत्र में अंकित है। यदि अभ्यर्थी ने 10 वीं उत्तीर्ण करने के बाद अपना नाम परिवर्तित किया है, तो उसका प्रमाण इंटरव्यू के समय प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के साथ अपने सभी प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित (Self-Attested) प्रतियां जमा करनी होंगी। जिन अभ्यर्थियों का अंतिम सेमेस्टर का परिणाम प्रतीक्षित है अथवा डिग्री अपूर्ण है, वे आवेदन हेतु पात्र नहीं होंगे।
5. अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र जमा करते समय ₹500/- का **अप्रतिदेय (Non-Refundable)** शुल्क Online/UPI अथवा "NIELIT Gorakhpur" के पक्ष में गोरखपुर देय बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा।
6. अभ्यर्थी के पास विज्ञापित पदों हेतु आवश्यक योग्यता होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को उसी दिन सत्यापन हेतु अपने मूल प्रमाणपत्र/दस्तावेज भी साथ लाने होंगे।
7. इंटरव्यू में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का **TA/DA** देय नहीं होगा।
8. अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी उनकी शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताओं आदि की पात्रता के अधीन होगी। केवल इंटरव्यू में उपस्थित होने मात्र से चयन/पैनल में शामिल होने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
9. आवेदन पत्र/दस्तावेजों की जांच के दौरान या बाद में यदि अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत कोई दस्तावेज, कथन अथवा अन्य जानकारी चयन/पात्रता मानदंड के अनुसार गलत या असत्य पाई जाती है, तो केंद्र को अभ्यर्थी के चयन/संविदात्मक नियुक्ति को निरस्त करने का अधिकार होगा। NIELIT गोरखपुर को बिना कोई कारण बताए आवेदन स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
10. नौकरी प्राप्त करने के उद्देश्य से NIELIT कर्मचारियों को किसी भी प्रकार से प्रभावित करने अथवा सिफारिश करने का प्रयास करने पर अभ्यर्थी अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
11. उक्त पदों हेतु एकमुश्त मासिक मानदेय पात्रता मानदंड एवं विज्ञापन में उल्लिखित अनुसार ही देय होगा।
12. संपर्क विवरण:

    NIELIT गोरखपुर

    देवरिया रोड, गोरखपुर

    संपर्क नंबर: 8317093894